
# नब्बे लाख में बना सामुदायिक भवन सवालों के घेरे में

## तीन साल बाद भी ग्राम पंचायत को नहीं हुआ हैंड ओव्हर, दीवारों से छत तक दरारों ने खोली निर्माण की पोल

**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली, 5 अप्रैल। चितरंगी विकासखंड के ग्राम पंचायत खैरा अंतर्गत फुलकेश गांव में वर्ष 2022-23 में एनसीएल अमलोरी परियोजना द्वारा सीएसआर मद से करीब 90 लाख रुपये की लागत से निर्मित सामुदायिक भवन अब गंभीर सवालों के घेरे में आ गया है। स्थानीय ग्रामीणों का आरोप है कि भवन निर्माण पूरा हुए लगभग तीन साल होने जा रहे है, लेकिन आज तक इसे ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत या जिला पंचायत को हैंडओवर नहीं किया गया।**








ग्रामीणों के अनुसार हैंडओवर से पहले ही भवन की दीवारों, छत और कोनों में जगह-जगह चौड़ी दरारें पड़ चुकी हैं। उनका कहना है कि ऐसा कोई हिस्सा नहीं बचा है, जहां दरारें न दिख रही हों। आरोप है कि निर्माण कार्य में भारी लापरवाही बरती गई और गुणवत्ता मानकों को पूरी तरह नजरअंदाज किया गया। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया है कि भवन में न तो समुचित पुताई कराई गई, न मोटर डाली गई, जिसके कारण पानी की टंकी केवल शोपीस बनकर रह गई है। इसके अलावा बिजली कनेक्शन तक नहीं कराया गया, जिससे पंखे और बल्ब भी नहीं लगाए जा सके। नल और अन्य फिटिंग कार्य भी अधूरे पड़े हैं, जिस पर सवाल उठाए जा रहे हैं कि जब यह सब बजट में शामिल था तो कार्य पूरा क्यों नहीं कराया गया। स्थानीय लोगों का आरोप है कि ठेकेदार और एनसीएल अमलोरी परियोजना के अधिकारियों की मिलीभगत से निम्न गुणवत्ता का निर्माण कराया गया। यही वजह है कि अब भवन की जर्जर स्थिति को देखते हुए इसे ग्राम पंचायत को हैंडओवर करने से भी बचा जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि जांच हुई तो पूरे मामले में कमीशनखोरी और अनियमितताओं का खुलासा हो सकता है।

### कई जगह टूटी हैं टाइल्स

ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि भवन के बाहर लगी टाइल्स भी कई स्थानों पर टूट चुकी हैं और बारिश के समय छत से पानी टपकता है, जिससे भवन की उपयोगिता पर गंभीर प्रश्नचिह्न लग गया है। उनका कहना है कि यह भवन क्षेत्रीय जरूरतों और ग्रामीणों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए तत्कालीन सांसद रीति पाठक तथा क्षेत्रीय विधायक अमर सिंह के प्रयासों से स्वीकृत हुआ था, लेकिन अधिकारियों की कथित अकर्मण्यता के कारण आज तक इसका लोकार्पण तक नहीं हो सका। स्थानीय ग्रामीणों ने कलेक्टर का ध्यान आकर्षित करते हुए मांग की है कि उक्त भवन की उच्चस्तरीय तकनीकी जांच कराई जाए और यदि आरोप सही पाए जाते हैं तो संबंधित ठेकेदार एवं जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। गांव में यह मामला अब जनचर्चा का विषय बना हुआ है और लोग इसे सार्वजनिक धन की बर्बादी बता रहे हैं।

### सामुदायिक भवन निर्माण में भ्रष्टाचार की बू

सामुदायिक भवन निर्माण कार्य में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार की शिकायतें सामने आ रही हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि संबंधित अधिकारियों और संविदाकार की मिलीभगत से निर्माण कार्य में जमकर अनियमितताएं बरती गई हैं, जिससे शासन की राशि का दुरुपयोग हुआ है। बताया जा रहा है कि निर्माण में घटिया सामग्री का उपयोग किया गया, जबकि कागजों में उच्च गुणवत्ता दर्शाकर भुगतान निकाल लिया गया। निर्माण के कुछ ही समय बाद दरारें पड़ने लगी हैं। ग्रामीणों का कहना है कि शिकायतों के बावजूद जिम्मेदार अधिकारी कार्रवाई करने से बचते नजर आ रहे हैं। सूत्रों के अनुसार पूरे मामले में सांठगांठ के चलते व्यारा-न्यारा किया गया है, जिससे सरकारी धन की खुली लूट हुई है। यदि निष्पक्ष जांच कराई जाए तो कई चौंकाने वाले तथ्य सामने आ सकते हैं।

# मध्यरात्रि में आए तूफान ने बढ़ाई अन्नदाताओं की चिंता

## चितरंगी के सोनतीर और बगदरा क्षेत्र में फसलों को भारी नुकसान


**नवभारत न्यूज**

**चितरंगी, 5 अप्रैल। चितरंगी तहसील क्षेत्र के सोनतीर समेत बगदरा अंचल में बीती मध्यरात्रि आए तेज तूफान ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। ग्रामीणों के अनुसार रात करीब 11 बजे से लेकर सुबह 3 बजे तक तेज आंधी और तूफानी हवाओं का कहर जारी रहा। हालांकि राहत की बात यह रही कि किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई, लेकिन खेतों और खलिहानों में रखी फसलों को भारी नुकसान पहुंचा है।**

ग्रामीणों ने बताया कि कई किसानों ने गेहूं और अन्य रबी फसलों की कटाई कर उन्हें खेतों एवं खलिहानों में जमा कर रखा था, जिसे तेज हवाएं कई जगह उड़ा ले गईं। इससे अन्नदाताओं को आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ रहा है। शनिवार की शाम करीब 4 बजे के बाद हल्की बूंदाबांदी भी हुई थी, जिससे पहले ही किसान मौसम को लेकर सतर्क थे। रात में आए तूफान ने उनकी आशंकाओं को और बढ़ा दिया। जहां आज रविवार की सुबह करीब 7 बजे तक आसमान में घने बादल छाए रहे, जिसे देखकर किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें और गहरी हो गईं। मौसम विभाग ने भी आगामी 10 अप्रैल तक इसी तरह का मौसम बने रहने का अलर्ट जारी किया है। देश के कई हिस्सों में पश्चिमी विक्षोभ के कारण बारिश और तेज हवाओं की संभावना जताई गई है, जिससे मध्य भारत के इलाकों में भी असर देखने को मिल रहा है। ग्रामीण अंचलों के किसानों का कहना है कि यदि अगले कुछ दिनों तक मौसम खराब रहा, तो खेतों में खड़ी बची फसल और पहले से कटी उपज को और नुकसान हो सकता है।

## एक नजर में

### सिंगरौली में सामाजिक सद्भाव बैठक आयोजित



**सिंगरौली।** शहर के अटल सामुदायिक भवन में रविवार को सामाजिक सद्भाव की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें संत रविदास जी की 650वीं जयंती एवं भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के अवसर पर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धापूर्वक स्मरण किया गया। बैठक के दौरान सीधी के प्रतिष्ठित व्यवसायी पुष्पराज की उपस्थिति में समाज के विभिन्न वर्गों के बीच परिचर्चा आयोजित की गई। इसमें समाज को अधिक संगठित एवं मजबूत बनाने के लिए आपसी सद्भाव को व्यापक रूप से विकसित करने पर जोर दिया गया। वक्ताओं ने कहा कि समाज में एकता और समरसता ही सशक्त राष्ट्र निर्माण की आधारशिला है।

### सिम कार्ड के पैसे को लेकर दुकानदार-ग्राहक में विवाद



**सिंगरौली।** देवसर क्षेत्र में सिम कार्ड बिक्री को लेकर दुकानदार और ग्राहक के बीच विवाद होते-होते टल गया। जानकारी के अनुसार राष्ट्रीय राजमार्ग से सटे फुटपाथ पर सिम कार्ड बेचने का कार्य कर रहे एक दुकानदार का ग्राहक से पैसों के लेनदेन को लेकर विवाद हो गया। देखते ही देखते मामूली कहासुनी ने तूल पकड़ लिया और स्थिति तनावपूर्ण हो गई। बताया जा रहा है कि विवाद के दौरान दुकानदार आप से बाहर हो गया और ग्राहक को लेकर तीखी नोकझोंक होने लगी।




# विजयबंधु पेट्रोल टंकी के आगे जाम और शराबखोरी का खतरनाक खेल

## खुलेआम शराबखोरी से बिगड़ रहे हालात

**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 5 अप्रैल। जिले में यातायात व्यवस्था एक बार फिर सवालों के घेरे में है। ताजा मामला विजयबंधु पेट्रोल टंकी के सामने का है, जहां रोजाना लगने वाले जाम और खुलेआम शराबखोरी ने हालात को बेहद चिंताजनक बना दिया है। मुख्य सड़क पर लगातार जाम की स्थिति से आम लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, वहीं सड़क किनारे बैठकर शराब पीने वालों की वजह से दुर्घटनाओं का खतरा भी तेजी से बढ़ रहा है।**

स्थानीय लोगों के अनुसार पेट्रोल टंकी के सामने का इलाका अब अव्यवस्था का केंद्र बन चुका है। दिनभर वाहनों की लंबी कतारें लगी रहती हैं, जिससे आवाजाही बाधित होती है। इसी बीच कुछ लोग सड़क किनारे खुलेआम शराब पीते नजर आते हैं। स्थिति यह है कि कई बार नशे में धुत लोग सड़क पर ही लड़खड़ाते हुए चलते या वाहन चलाते दिखाई देते हैं, जिससे राहगीरों और अन्य वाहन चालकों की जान जोखिम में पड़ जाती है। ग्रामीणों और दुकानदारों का कहना है कि इस क्षेत्र में आए दिन छोटी-बड़ी सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं। लोगों ने यह भी आरोप लगाया कि संबंधित विभाग और पुलिस प्रशासन इस समस्या को नजरअंदाज कर रहे हैं, जिसके चलते अराजकता बढ़ती जा रही है। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि इस क्षेत्र में नियमित पुलिस गश्त बढ़ाई जाए, अवैध रूप से शराब पीने वालों पर सख्त कार्रवाई हो और यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं।

# कारी खदान देवसर में हो रहा रेत का अवैध उत्खनन, भारी मात्रा में रेत की चोरी

## चोरी की रेत का अवैध स्टॉक, दिन-रात ट्रैक्टरों और डंपरों का लग रहा जमावड़ा

**नवभारत न्यूज**

**देवसर,5 अप्रैल। जिले के देवसर क्षेत्र अंतर्गत कारी खदान इन दिनों अवैध रेत उत्खनन का सबसे बड़ा केंद्र बन चुका है। शासन-प्रशासन की तमाम सख्ती के दावों के बावजूद, इस खदान से प्रतिदिन भारी मात्रा में रेत की चोरी की जा रही है, जिससे सरकार को लाखों रुपये के राजस्व का चूना लग रहा है।**



स्थानीय सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार कारी खदान में रेत माफिया सक्रिय हैं, जो बिना किसी वैध पट्टे या रॉयल्टी के रेत का अवैध कारोबार कर रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यहाँ दिन-रात ट्रैक्टरों और डंपरों का जमावड़ा लगा रहता है। रेत माफिया न केवल प्राकृतिक संपदा का दोहन कर रहे हैं, बल्कि स्थानीय पर्यावरण को भी गंभीर नुकसान पहुँचा रहे हैं। साथ ही खदान के आसपास कई जगहों पर चोरी की रेत का अवैध स्टॉक किया जा रहा है, जिसे ऊंचे दामों पर बाजार में बेचा जाता है। वहीं क्षेत्र के लोगों का आरोप है कि खनिज विभाग और स्थानीय पुलिस की नाक के नीचे यह अवैध कारोबार फल-फूल रहा है, लेकिन कार्रवाई के नाम पर केवल खानापूर्ति की जाती है। रेत से लदे भारी वाहनों के कारण गांव की सड़के जर्जर हो रही हैं और उड़ती धूल से लोगों का जीना मुहाल हो गया है। इधर नाम न छापने की शर्त पर एक ग्रामीण ने बताया कि हमें डर है कि अगर इसी रफ्तार से उत्खनन जारी रहा, तो भू-जल स्तर नीचे गिर जाएगा और भविष्य में खेती के लिए संकट पैदा हो जाएगा। रेत माफिया इतने रसूखदार हैं कि कोई उनके खिलाफ बोलने की हिम्मत नहीं जुटा पाता। क्षेत्र के सजग नागरिकों ने जिला कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक से मांग की है कि कारी खदान पर तत्काल प्रभाव से छापेमारी की जाए और अवैध उत्खनन में लिप्त वाहनों व मशीनों को जप्त कर माफियाओं पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए।

# बरगवां में स्कूल चलें हम अभियान आयोजित

**नवभारत न्यूज**

**बरगवां 5 अप्रैल। स्कूल चलें हम अभियान एवं प्रवेश उत्सव के अंतर्गत नगर परिषद बरगवां क्षेत्र के पीएम शास.मा. विद्यालय कनई एवं सांदीपनी शाउमावि बरगवां में कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।**



इन कार्यक्रमों में नगर परिषद अध्यक्ष प्रमिला वर्मा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। इस अवसर पर उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि सीएम डॉ. मोहन यादव के मार्गदर्शन में प्रदेश में शिक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है तथा स्कूल चलें हम अभियान का उद्देश्य हर बच्चे को स्कूल से जोड़ना है, ताकि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार द्वारा विद्यार्थियों को निःशुल्क पाठ्यपुस्तके, यूनिफॉर्म एवं साइकिल जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं, साथ ही प्रवेश प्रक्रिया को सरल बनाकर अधिक से अधिक बच्चों का नामांकन सुनिश्चित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस अभियान के माध्यम से प्रदेश में विद्यार्थियों की संख्या में वृद्धि हुई है और सरकार का लक्ष्य बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से जोड़ना है।

# कपूर त्रिपाठी ने फिर संभाली मोरवा थाने की कमान

**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 5 अप्रैल। मोरवा थाना प्रभारी के स्थानांतरण मामले में म.प्र. हाईकोर्ट से स्टे मिलने के बाद बीते दिन शनिवार की रात करीब 9 बजे निरीक्षक कपूर त्रिपाठी ने दोबारा मोरवा थाने का प्रभार ग्रहण कर लिया।**



गौरतलब है कि हाईकोर्ट के आदेश में स्पष्ट किया गया था कि कपूर त्रिपाठी को उसी स्थान पर कार्य जारी रखने दिया जाए, जहां वे आदेश जारी होने के समय पदस्थ थे। इसी के चलते उन्होंने शनिवार को पुनः मोरवा थाने की कमान संभाल ली। वहीं इस बीच मोरवा थाना का प्रभार संभाल रहे डॉ. ज्ञानेंद्र सिंह को 9 दिनों में ही पुनः जियावन लौटना पड़ा। इस पूरे मामले में बीते 2 अप्रैल को न्यायाधीश मनिंदर एस भाटी की एकल पीठ ने कपूर त्रिपाठी के स्थानांतरण आदेश पर रोक लगाते हुए उन्हें अंतरिम राहत प्रदान की थी। मामले की अगली सुनवाई 8 अप्रैल को प्रस्तावित है, जिसमें राज्य शासन को पूरी ट्रांसफर फाइल और पुलिस स्थापना बोर्ड की अनुशंसा प्रस्तुत करनी होगी।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र देवसर परिसर में अव्यवस्था का आलम

## खराब हैंडपंप और चारों फैली गंदगी, मरीज व उनके परिजन परेशान

**नवभारत न्यूज**

**देवसर 5 अप्रैल। क्षेत्र के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र देवसर परिसर में अव्यवस्थाओं का आलम देखने को मिल रहा है। अस्पताल परिसर में लगा हैंडपंप खराब पड़ा है, जिससे मरीजों और उनके परिजनों को पीने के पानी के लिए काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। दूर-दराज से इलाज कराने आने वाले लोगों को पानी के लिए भटकना पड़ता है।**



स्थानीय लोगों के अनुसार हैंडपंप पिछले कई महीनों से खराब है, लेकिन अब तक इसकी मरम्मत नहीं कराई गई है। इसके अलावा अस्पताल परिसर में जगह-जगह गंदगी फैली हुई है। कचरा और झाड़ियां बढ़ने से साफ-सफाई की व्यवस्था भी सवालों के घेरे में है। मरीजों का कहना है कि स्वास्थ्य केंद्र में जहां एक ओर इलाज की उम्मीद लेकर लोग आते हैं, वहीं दूसरी ओर बुनियादी सुविधाओं की कमी से उन्हें दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। गंदगी के कारण संक्रमण फैलने का खतरा भी बना हुआ है। स्थानीय नागरिकों ने संबंधित अधिकारियों से मांग की है कि जल्द से जल्द हैंडपंप की मरम्मत कराई जाए और परिसर की नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित की जाए, ताकि मरीजों को राहत मिल सके। अब देखना यह होगा कि जिम्मेदार अधिकारी इस समस्या पर कब तक ध्यान देते हैं और आवश्यक कार्रवाई करते हैं।

# जर्जर हो गई सहुआर नदी की पुलिया, हादसे का इंतजार

## महानदी पुलिया खोखली, देवसर से सरई-निवास मार्ग पर मंडरा रहा खतरा

**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 5 अप्रैल। सहुआर गांव में महानदी पर बनी पुलिया की हालत बेहद जर्जर हो चुकी है, लेकिन इसके बावजूद प्रशासन ने अब तक भारी वाहनों के आवागमन पर कोई रोक नहीं लगाई है।**



यह पुलिया देवसर से सरई और निवास को जोड़ने वाला मुख्य मार्ग है, जहां से रोजाना भारी वाहन गुजर रहे हैं और हर गुजरता वाहन एक बड़े खतरे को दावत दे रहा है। इस पुलिया के नीचे की कंक्रीट स्लैब पूरी तरह टूट चुकी है, कई जगह गहरे गड्ढे बन गए हैं और पिलरों के नीचे से मिट्टी बह जाने के कारण नींव खोखली हो गई है। लगातार हो रहे कटाव और रखरखाव की भारी कमी ने स्थिति को भयावह बना दिया है। लापरवाही या हादसे का इंतजार सबसे हैरानी की बात यह है कि इतनी गंभीर स्थिति के बावजूद प्रशासन न तो भारी वाहनों पर रोक लगा रहा है और न ही कोई ठोस मरम्मत कार्य शुरू किया गया है।

# महिला कांग्रेस अध्यक्ष कृष्णा सिंह ने दिया इस्तीफा

**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 5 अप्रैल। जिला महिला कांग्रेस कमेटी सिंगरौली की अध्यक्ष कृष्णा सिंह परिहार ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने 4 अप्रैल को त्यागपत्र राष्ट्रीय, प्रदेश नेतृत्व, भोपाल को संबोधित किया है।**



पत्र में उन्होंने स्पष्ट रूप से लिखा है कि महिला कांग्रेस संगठन में उन्हें भारी मन से यह निर्णय लेना पड़ रहा है। त्यागपत्र में उल्लेख किया गया है कि वे महिला अध्यक्ष के रूप में सक्रिय रूप से कार्य कर रही थीं, लेकिन उपेक्षा का सामना करना पड़ा। उन्होंने पत्र में यह भी लिखा है कि पिछले लगभग 20 वर्षों से पार्टी के प्रति पूर्ण समर्पण और ईमानदारी के साथ कार्य किया है। पत्र में आगे कहा गया है कि वर्तमान परिस्थितियों और व्यक्तिगत कारणों के चलते उनके लिए इस पद पर बने रहना संभव नहीं रह गया है। इसी वजह से उन्होंने जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष पद से अपना इस्तीफा सौंप दिया है। त्यागपत्र में उन्होंने पार्टी के सभी महिला साथियों का आभार भी व्यक्त किया है। पत्र के अंत में उन्होंने विशेष रूप से पार्टी के साथ अपने अनुभव को अच्छा बताया है।

# ओव्हरटेक विवाद में प्राणघातक हमला, 12 घंटे में चार आरोपी गिरफ्तार

## स्कॉर्पियो से युवक को कुचलने का प्रयास, हालत गंभीर, पुलिस ने की त्वरित कार्रवाई

**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 5 अप्रैल। जयंत चौकी क्षेत्र में ओवरटेक करने के मामूली विवाद ने हिंसक रूप ले लिया, जहां चार युवकों ने मिलकर एक युवक पर प्राणघातक हमला कर दिया। घटना के बाद पुलिस ने तेजी दिखाते हुए महज 12 घंटे के भीतर सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।**



प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी नितीश अग्रहरी उम्र 29 वर्ष निवासी गोल मार्केट जयंत ने आज रविवार को चौकी जयंत में रिपोर्ट दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि बीती रात करीब 12 बजे व्हीव्हीसी ऑफिस के सामने गाड़ी ओवरटेक करने को लेकर विवाद हो गया। इसी दौरान आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए नितीश और उसके साथियों गौरव सिंह, विवेक अग्रहरी अन्य के साथ मारपीट शुरू कर दी। आरोप है कि विवाद के दौरान आरोपियों ने जान से मारने की नीयत से प्राणघातक हमला किया और स्कॉर्पियो वाहन को बैक कर गौरव सिंह चंदेल के ऊपर चढ़ा दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसकी हालत नाजुक बताई जा रही है और उसका उपचार जारी है। फरियादी की शिकायत पर चौकी जयंत में जीरो पर अपराध दर्ज कर मामला थाना विन्ध्यनगर में स्थानांतरित किया गया, जहां आरोपियों के खिलाफ धारा 126 (2), 296 (ए) 115 (2), 351(3), 109, 3 (5) बीएनएस कायम कर विवेचना शुरू की गई। जहां थाना प्रभारी विंध्यनगर निरीक्षक अर्चना द्विवेदी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 12 घंटे के भीतर चारों आरोपी आरोपियों में लवकेश चौबे पिता राजेंद्र प्रसाद चौबे उम्र 24 वर्ष निवासी ग्राम सिंगाही, जितेन सिंह चौहान उम्र 21 वर्ष निवासी नवानगर सब्जी मंडी के पास, अभिष सिंह पिता पंकज कुमार श्रीवास्तव उम्र 30 वर्ष निवासी एनबी 61 अमलोरी कॉलोनी एवं पुनीत सिंह चौहान पिता सर्वेश सिंह उम्र 24 वर्ष निवासी ग्राम भरुहा को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है । साथ ही घटना में प्रयुक्त स्कॉर्पियो वाहन यूपी 50 सीआर 3090 भी जप्त कर लिया गया। सभी को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है। उक्त कार्रवाई में चौकी प्रभारी जयंत उनि अरुण सिंह सहित पुलिस टीम के अन्य सदस्यों की सराहनीय भूमिका रही।